कार्यालय प्रधान महालेखाकार (लेखापरीक्षा)
हिमाचल प्रदेश, गॉर्टन कैसल
शिमला - 171 003

Office of the Principal Accountant General (Audit)
Himachal Pradesh,
Gorton Castle, Shimla-171 003

SUPREME AUDIT INSTITUTION OF INDIA
लोकहितार्थ सत्यनिष्ठा
Dedicated to Truth in Public Interest

परिपत्र (प्रशासन)

**विषय: अधीनस्थ लेखापरीक्षा सेवा/राजस्व लेखापरीक्षा परीक्षा तथा सतत व्यावसायिक विकास परीक्षा-I, II एवं III (SAS/RA/CPD-I, II एवं III ) (परीक्षा-I, 2026) (Exam I of 2026) के संबंध में।**

मुख्यालय कार्यालय (परीक्षा शाखा) के पत्र संख्या 478/08-Exam/SAS Etc. Exam/2026/Vol.-I दिनांक 01.06.2026 द्वारा सूचित किया गया है कि SAS/RA/CPD-I, II एवं III परीक्षा-I, 2026 का आयोजन दिनांक **22.06.2026 से 27.06.2026** तक किया जाएगा। परीक्षा की तिथि-सारणी संलग्न है। परीक्षा हेतु पात्रता निर्धारित करने की कट-ऑफ तिथि **01 मार्च 2026** होगी।

उपर्युक्त के दृष्टिगत, सभी पात्र एवं इच्छुक अभ्यर्थियों (सभी नवीन अभ्यर्थी तथा वर्तमान अभ्यर्थी) (All existing and fresh candidates), जिनमें प्रतिनियुक्ति पर कार्यरत अभ्यर्थी भी सम्मिलित हैं को सूचित किया जाता है कि वे **पंजीकरण प्रपत्र के भाग-I (संलग्न)** को विधिवत भरकर **प्रशासन अनुभाग को दिनांक 08.06.2026 (पूर्वाह्न) तक अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।**

विभाग के अन्य कार्यालयों में प्रतिनियुक्ति पर कार्यरत अधिकारी/कर्मचारी अपनी सहमति/आवेदन संबंधित कार्यालय के प्रशासन अनुभाग को सूचित करते हुए सीधे इस कार्यालय को प्रेषित कर सकते हैं। ऐसे अभ्यर्थी पंजीकरण प्रक्रिया एवं परीक्षा से संबंधित अन्य विषयों के समयबद्ध निस्तारण हेतु समस्त पत्राचार सीधे इस कार्यालय के साथ करेंगे।

सभी अभ्यर्थी कृपया ध्यान दें कि किसी अभ्यर्थी का अवसर (Chance) उसके पंजीकरण होते ही गणना में ले लिया जाएगा तथा इसके उपरांत अभ्यर्थिता वापस लेने का कोई प्रावधान नहीं होगा।

अभ्यर्थी **पंजीकरण प्रपत्र के भाग-I** को विधिवत भरकर ई-मेल आईडी harishku.hmp.au@cag.gov.in पर दिनांक **08.06.2026 (पूर्वाह्न) तक** प्रेषित कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त, सभी अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे अपने पंजीकृत मोबाइल नंबर/ई-मेल आईडी पर प्राप्त होने वाले लॉगिन आईडी एवं पासवर्ड के आधार पर **दिनांक 09.06.2026 तक** पंजीकरण **प्रपत्र का भाग-II** भरकर अपनी पंजीकरण **प्रक्रिया समयबद्ध रूप से पूर्ण करना सुनिश्चित करें।**

पंजीकरण प्रपत्र के भाग-II को भरने में किसी प्रकार की कठिनाई होने पर अभ्यर्थी प्रशासन अनुभाग से तुरंत संपर्क कर सकते हैं। पंजीकरण हेतु लिंक: https://cagexam.in/CAGI/index.html

यह परिपत्र प्रधान प्रधान महालेखाकार महोदय के अनुमोदन से जारी हैं

Digitally signed by
Rajwant Kaur
Date: 05-06-2026
12:35:25

**उप महालेखाकार (प्रशासन)-सह-**
**परीक्षा पंजीकरण अधिकारी**

क्रमांक: प्रशा./ले.प./एस.ए.एस./आर.ए./सी.पी.डी.-I, II एवं III/परीक्षा-I/2026/I/1464856/2026
दिनांक: 05-06-2026

प्रतिलिपि सूचना एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु निम्नलिखित को प्रेषितः

1. सचिव, प्रधान महालेखाकार।
2. निजी सहायक, सभी समूह अधिकारी।
3. कार्यालय प्रधान निदेशक लेखा परीक्षा (केंद्रीय), चण्डीगढ़ – इस कार्यालय के अधिकारियों/कर्मचारियों की सूचना हेतु।
4. प्रतिनियुक्ति पर कार्यरत समस्त अधिकारी/कर्मचारी (ई-मेल के माध्यम से)।
5. कार्यालय के समस्त अधिकारी/कर्मचारी (आधिकारिक ई-मेल आईडी के माध्यम से)।